80 हजार करोड़ का होगा निवेश

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी : 1406 कंपनियों ने दिए प्रस्ताव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : तीसरी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी-3.0) में 1406 कंपनियां प्रदेश में 80 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेंगी। 30 दिग्गज कंपनियां ऐसी हैं जो राज्य में 500 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेंगी। इन कंपनियों का कुल निवेश 43,906 करोड़ रुपये होगा। वहीं 100 करोड़ से 499 करोड़ रुपये तक का निवेश करने वाली कंपनियों की कुल संख्या 108 है। इनके माध्यम से कुल 24,028 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। शेष निवेश अन्य कंपनियों द्वारा किया जाएगा। डाटा सेंटर, आइटी एंड इलेक्ट्रानिक्स, इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग व एमएसएमई सेक्टर आदि में खासतौर से कंपनियों द्वारा निवेश किया जा रहा है।

नवाबों के शहर लखनऊ आ रहे उद्योगपतियों की मेहमान नवाजी में कोई कोर-कसर न रहे इसका भी पूरा ख्याल रखा जा रहा है। 107 प्रमुख उद्योगपतियों के साथ आइएएस व पीसीएस अधिकारियों को लायजन अधिकारी के रूप में तैनात किया गया है। ताकि उन्हें कार्यक्रम के दौरान किसी भी तरह की दिक्कत न हो। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी, आदित्य बिड़ला ग्रुप के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला, हीरानंदानी ग्रुप के चेयरमैन निरंजन हीरानंदानी, एयर लिक्विड लिमिटेड के वाइस प्रेसीडेंट मैथ्यू आइरिस, रिलायंस न्यू एनर्जी सोलर लिमिटेड के डायरेक्टर अनंत अंबानी शामिल होंगे।

टमाटर-धनिया का शोरबा सूप व शाही टिक्का : नवाबों के शहर लखनऊ आ रहे उद्योगपतियों की मेहनमान नवाजी में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही। उद्योगपतियों को दोपहर का भोजन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में खिलाया जाएगा। इन्हें लखनवी पकवान परोसे जाएंगे। होटल ताज द्वारा इसे बनाया जाएगा।

इसमें टमाटर-धनिया का शोरबा सूप, पनीर टिक्का, हरा तवा कबाब, पनीर लबाबदार, मेथी-पालक व कार्न की सब्जी, दम आलू बनारसी, गोभी अदरकी, दाल तड़का, तंदूरी पराठा, वर्की पराठा और शाही टिक्का, जलेबी और केसरी रबड़ी थाली में परोसी जाएगी। राजधानी के बड़े होटल जिसमें होटल ताज, हयात रीजेंसी, होटल रेनेशां, होटल मैरियट व होटल नोवोटेल में अतिथि रुकेंगे।

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में बनाया जा रहा स्टाल • जागरण

ग्राउंड ब्रेकिंग थ्री में होगा ये प्रमुख निवेश

- हीरानंदानी ग्रुप, अदाणी इंटरप्राइजेज, सिफी टेक्नोलाजी, एनटीटी ग्लोबल और एसटीटी ग्लोबल नोएडा में 19,700 करोड़ रुपये की लागत से डाटा सेंटर स्थापित करने जा रहा है।
- माइक्रोसाफ्ट इंडिया गौतमबुद्ध नगर में 2,186 करोड़ की लागत से नया साफ्टवेयर डेवलपमेंट सेंटर स्थापित करेगा।
- एबी मौरी बेकर्स यीस्ट के निर्माण के लिए 1,100 करोड़ की लागत से ग्रीन फील्ड प्लांट स्थापित करेगी।
- एसएलएमजी बेवरेजेज यूपी में फलों के रस व बोतल बंद पानी के लिए एक और बाटलिंग लाइन स्थापित करेगा। इसके लिए 1,080 करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है।
- एसीसी लिमिटेड पर्यावरण के अनुकूल सीमेंट ग्राइंडिंग प्लांट की स्थापना करेगा। इसमें 600 करोड़ रुपये का निवेश होगा।
- पेटीएम आइटी एंड इलेक्ट्रानिक्स में स्टार्ट अप स्थापित करने के लिए 571 करोड़ का निवेश करेगा।
- डिक्सन टेक्नोलाजीज मोबाइल, रेफ्रिजरेटर व एलईडी के निर्माण के लिए 500 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। – एडवर्ब टेक्नोलाजी रोबोटिक्स और वेयर हाउस आटोमेशन के लिए 500 करोड़ का निवेश कर रही है।
- फेयर एक्सपोर्ट्स (लुलु ग्रुप) फूड एंड लाजिस्टिक्स पार्क की स्थापना के लिए 500 करोड़ का निवेश कर रही है।
- समकवांग इंडिया इलेक्ट्रानिक्स मोबाइल केस बनाने के लिए 500 करोड़ का निवेश कर रही है।
- अवाडा इंड सोलर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 70 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना के लिए 300 करोड़ का निवेश किया जा रहा है।

होटलों में अतिथियों के लिए हेल्प डेस्क, खास होगी वेलकम किट

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को भव्य बनाने में प्रशासनिक अमला जुटा हुआ है। देशभर से आ रहे मेहमानों की खातिरदारी में कोई कसर न रहे, इसके लिए खास इंतजाम किए जा रहे हैं। एयरपोर्ट से लेकर होटल और आयोजन स्थल तक मेहमानों को लाने और ले जाने के लिए चुनिंदा अफसरों को लगाया गया है। इसके लिए प्रशासन ने खास अफसरों का पैनल बनाया है, जो विशेष मेहमानों के साथ चौबीसों घंटे रहेंगे। बुधवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मार्स हाल में जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने विशिष्ट अतिथियों के लाइजनिंग आफीसर्स और पीएसओ के साथ संयुक्त बैठक की। जिलाधिकारी के मुताबिक सेरेमनी में आने वाले विशिष्ट अतिथियों और उद्योगपतियों के लिए मुख्य होटलों जैसे होटल ताज, रेनेसा, मैरिएट, क्लार्क अवध आदि में हेल्पडेस्क बनाई गई है। जूपिटर हाल के कार्यक्रम में आने वाले सभी अतिथियों के लिए आरटीपीसीआर टेस्ट कराना अनिवार्य होगा। अतिथियों का आगमन कार्यक्रम से एक दिन पहले ही शुरू हो जाएगा। सभी अधिकारियों को उनके अतिथियों की सूची उपलब्ध करा दी गई है। लाइजनिंग अफसर एयरपोर्ट पर अतिथियों को रिसीव करेंगे और उनको वेलकम किट भेंट करेंगे।

Scanned with CamScanner